सामुदायिक प्रतिभागिता (COMMUNITY PARTICIPATION)

परीक्षा पे चर्चा पर आयोजित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता - शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार व केंद्रीय विद्यालय संगठन के तत्वावधान में पीएम श्री के.वि. क्र.1 उधमपुर में 23 जनवरी 2024 को परीक्षा पर चर्चा विषयक जिला स्तरीय ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

उधमपुर जिले में इस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु पीएम श्री के.वि. क्र.1 उधमपुर का चयन किया गया । इस प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्वाति बंसल थी । इस प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित एग्जाम वारियर्स पुस्तक और परीक्षा पर चर्चा में दिए गए 25 मंत्रों, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और आदित्य एल-1 को मुख्य थीम रखा गया । सभी प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जी द्वारा लिखित एग्जाम वारियर्स पुस्तक के साथ-साथ प्रमाण पत्र और कलर की एक किट भी प्रदान की गई। प्राचार्या श्रीमती स्वाति बंसल ने पाँच विजेताओं को नेशनल बुक ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित एक-एक पुस्तक पुरस्कार स्वरुप प्रदान की | यह एक अद्भुत आयोजन रहा जिससे एक ओर विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला तो वहीँ दूसरी ओर परीक्षा के तनाव को रुचिकर तरीके से कम करने में मदद मिली है | इस प्रतियोगिता के संयोजक संजय कुमार पीजीटी हिंदी रहे ।इस ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में जिले के केंद्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालय, सीबीएसई से जुड़े विद्यालय जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों सहित कुल 18 विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 के एक सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

ग्रैंड पेरेंट्स दिवस व शिक्षक-अभिभावक बैठक - विद्यालय द्वारा सामुदायिक प्रतिभागिता को बढ़ाने हेतु विद्यालय द्वारा ग्रैंड पेरेंट्स दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया | इसी प्रकार समय-समय पर शिक्षक-अभिभावक बैठकों का आयोजन भी किया गया |